प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 19.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक़ उल्ला ख़ां और ठाकुर रोशन सिंह को उनके बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने कहा कि इन अमर शहीदों का बलिदान सदैव राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

वहीं रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को उनके बलिदान दिवस पर नमन किया।

*********************

रामगढ़ के किसान वासदैव गंझू अपनी बंजर भूमि पर खेती कर लाखों रुपए की कमाई कर रहे है। वे जिले के दूसरे किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर के भुइयांडीह क्षेत्र में सुवर्णरेखा नदी से हो रहे अवैध बालू खनन का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार, माफिया और पुलिस की मिलीभगत का दावा किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा कि हाई कोर्ट की रोक के बावजूद खुलेआम अवैध खनन कर बालू महंगे दामों पर बेची जा रही है और इसी कारण पेसा कानून लागू नहीं किया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अवैध खनन रोककर माफिया पर कार्रवाई करने की माँग की।

*********************

कोडरमा का तिलैया डैम नए साल के जश्न के लिए तैयार है, जहां इस बार पर्यटक वॉटर एडवेंचर स्पोर्ट्स और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ उठा सकेंगे। जिले के उपायुक्त ऋतुराज बताते हैं कि तिलैया डैम को सजाने–संवारने के लिए केंद्र सरकार ने 34 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जबकि राज्य सरकार भी इस क्षेत्र को संवारने में लगी है, ताकि बिहार–झारखंड के पर्यटक स्थलों को जोड़कर एक सर्किट बनाया जा सके।

*********************

सरायकेला–खरसावां के चांडिल थाना क्षेत्र में एक अधेड़ महिला का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया है और मौत के कारणों का खुलासा रिपोर्ट आने के बाद होगा।

*********************

चतरा जिले में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कड़ाके की ठंड, शीतलहर और कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार ठंड का फसलों पर मिश्रित असर पड़ सकता है। धुआं करने और पॉलीथिन शीट के उपयोग से फसलों का बचाव किया जा सकता है।

*********************

विवेकानंद जयंती के अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की ओर से सरायकेला में आज जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से करीब 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया और स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। "नशा मुक्त युवा एवं यूथ फॉर हेल्दी लाइफ़स्टाइल" थीम पर आयोजित महोत्सव में गीत, नृत्य, कविता, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिलेगा।

*********समाप्त************